भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 3362**

उत्तर देने की तारीख- 12/03/2026

**ईएमआरएस से उत्तीर्ण छात्रों से संबंधित डेटा**

3362. श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर:
श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) से उत्तीर्ण होने वाले और उच्च शिक्षा पूरी करने वाले छात्रों की प्रगति के संबंध में कोई आंकड़े रखती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान संघ राज्यक्षेत्र दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव तथा महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले सहित देश में उक्त विद्यालयों को राज्य-वार कितनी-कितनी धनराशि आवंटित की गई है;
(ग) क्या सरकार उक्त विद्यालयों से उत्तीर्ण होने वाले छात्रों के लिए कॉलेज शिक्षा प्राप्त करने हेतु कोई छात्रवृत्ति योजना चलाती है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

**(क):** राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति एमआईएस पोर्टल पर पूर्व छात्र मॉड्यूल के माध्यम से 12वीं पास (उत्तीर्ण) करने वाले छात्रों का डेटा रखती है, जहां उनकी उच्च शिक्षा का विवरण एकत्रित किया जाता है। 06.03.2026 तक, 4,348 छात्र उच्च शिक्षा संस्थानों में नामांकित हैं।
**(ख):** 28.02.2026 तक ईएमआरएस की स्थापना और संचालन के लिए जारी की गई निधियां **अनुलग्नक I** में दी गई हैं।
**(ग) और (घ):** जनजातीय कार्य मंत्रालय ईएमआरएस के छात्रों सहित अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं को क्रियान्वित (लागू) करता है, जैसे कि मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति (पीएमएस), चयनित संस्थानों में स्नातक और स्नातकोत्तर के लिए उच्चत्तर शिक्षा हेतु राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना (शीर्ष श्रेणी शिक्षा योजना), भारतीय विश्वविद्यालयों में पीएचडी करने के लिए राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति (एनएफएसटी), विदेशों में शीर्ष क्यूएस 1000 विश्व रैंकिंग विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर, डॉक्टरेट और पोस्ट डॉक्टरेट डिग्री प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति (एनओएस)। मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति (पीएमएस) में 11वीं, 12वीं कक्षा और कॉलेज के छात्र शामिल हैं।
विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत **2024-25** के दौरान कवर किए गए लाभार्थियों की राज्य-वार संख्या **अनुलग्नक II** के अनुसार दी गई है।

अनुलग्नक ।

**"ईएमआरएस से उत्तीर्ण छात्रों से संबंधित डेटा" के संबंध में श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर और श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे द्वारा दिनांक 12.03.2026 को उठाए गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3362 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।**

**28.02.2026 तक ईएमआरएस की स्थापना और संचालन के लिए वर्ष-वार निधियां जारी की गई**

**(लाख रुपये में)**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 14,591.28 | 12,600.57 | 10,795.05 | 23,669.35 | 22,990.25 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 119.54 | 1,010.87 | 693.91 | 2,021.21 | 4,504.37 |
| 3 | असम | 1,800.00 | 1,433.65 | 2,732.67 | 10,654.29 | 11,458.52 |
| 4 | बिहार | - | - | 8.95 | 34.12 | 1,948.30 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 13,259.66 | 19,435.93 | 15,888.89 | 86,649.55 | 44,234.16 |
| 6 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन व दीव | 252.55 | 568.22 | 163.45 | 353.32 | 458.57 |
| 7 | गुजरात | 1,060.00 | 10,088.95 | 15,667.55 | 27,444.15 | 23,065.08 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 599.11 | 483.18 | 829.76 | 1,616.71 | 1,505.72 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 392.4 | 1,200.00 | 891.4 | 824.19 | 1,564.64 |
| 10 | झारखंड | 11,309.20 | 23,562.27 | 23,915.13 | 64,305.31 | 58,776.47 |
| 11 | कर्नाटक | 3,672.86 | 1,768.84 | 2,677.67 | 7,933.24 | 4,416.73 |
| 12 | केरल | 229.56 | 1,515.66 | 249 | 1,252.21 | 1,493.90 |
| 13 | लद्दाख | 10 | 450 | 800 | 17.41 | 400 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 3,560.00 | 31,817.79 | 13,157.19 | 37,339.69 | 42,298.44 |
| 15 | महाराष्ट्र | 4,393.74 | 12,919.16 | 8,525.91 | 30,489.87 | 20,122.96 |
| 16 | मणिपुर | 398.08 | 2,369.98 | 3,044.92 | 2,397.58 | 15,755.94 |
| 17 | मेघालय | 1,100.00 | 800 | 21,014.66 | 31,942.72 | 11,403.80 |
| 18 | मिजोरम | 6,085.41 | 2,094.54 | 1,242.52 | 14,619.30 | 3,501.15 |
| 19 | नागालैंड | 9,481.60 | 557.71 | 18,377.12 | 698.27 | 855.1 |
| 20 | ओडिशा | 10,648.82 | 28,164.31 | 48,934.80 | 64,965.47 | 60,895.45 |
| 21 | राजस्थान | 18,214.71 | 19,463.30 | 13,687.79 | 14,322.63 | 12,905.70 |
| 22 | सिक्किम | 1,037.88 | 1,047.35 | 1,118.83 | 1,058.36 | 1,296.03 |
| 23 | तमिलनाडु | 1,190.62 | 1,098.78 | 1,099.80 | 1,738.95 | 2,797.39 |
| 24 | तेलंगाना | 19,695.52 | 12,794.53 | 14,276.17 | 16,813.70 | 16,063.43 |
| 25 | त्रिपुरा | 5,715.44 | 6,435.19 | 6,670.35 | 11,728.87 | 17,687.35 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 337.49 | 596.23 | 624.14 | 1,384.63 | 1,434.71 |
| 27 | उत्तराखंड | 598.39 | 474.95 | 1,537.53 | 3,880.32 | 2,777.18 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | - | 2,303.67 | 1,869.70 | 1,789.50 | 900 |
| **कुल** | | **1,29,753.86** | **1,97,055.63** | **2,30,494.86** | **4,61,944.92** | **3,87,511.34** |

**अनुलग्नक II**

**"ईएमआरएस से उत्तीर्ण छात्रों से संबंधित डेटा" के संबंध में श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर और श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे द्वारा दिनांक 12.03.2026 को उठाए गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3362 के भाग (ग और घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।**

**वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जनजातीय कार्य मंत्रालय की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत लाभार्थियों की राज्य-वार संख्या**

| क्र.सं. | राज्य | कुल लाभार्थी |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 313 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 68291 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 45366 |
| 4 | असम | 77776 |
| 5 | बिहार | 3579 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 34327 |
| 7 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन व दीव | 1629 |
| 8 | गोवा | 3168 |
| 9 | गुजरात | 233345 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 5049 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर | 15447 |
| 12 | झारखंड | 65480 |
| 13 | कर्नाटक | 126253 |
| 14 | केरल | 13051 |
| 15 | लद्दाख | 9105 |
| 16 | लक्षद्वीप | 3 |
| 17 | मध्य प्रदेश | 326626 |
| 18 | महाराष्ट्र | 144992 |
| 19 | मणिपुर | 32588 |
| 20 | मेघालय | 74175 |
| 21 | मिजोरम | 28887 |
| 22 | नागालैंड | 42239 |
| 23 | ओडिशा | 230656 |
| 24 | पुडुचेरी | 11 |
| 25 | राजस्थान | 929 |
| 26 | सिक्किम | 2467 |
| 27 | तमिलनाडु | 28322 |
| 28 | तेलंगाना | 134155 |
| 29 | त्रिपुरा | 33668 |
| 30 | उत्तर प्रदेश | 10547 |
| 31 | उत्तराखंड | 3932 |
| 32 | पश्चिम बंगाल | 29686 |
| | **कुल** | **1826062** |

*****